तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com

PAGE NO. 5 : MIDDLE

क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस में जुटे विशेषज्ञ डॉक्टर

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में तीन दिवसीय पांचवी नॉर्थ जोन क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस एसआरएमएस पल्मोक्रिट का आयोजन आईएससीसीएम बरेली चैप्टर के सहयोग से हुआ। पहले दिन वर्कशाप में देशभर के 350 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया। दो दिनी वर्कशॉप का आयोजन जिम कार्बेट पार्क में हुआ। दूसरे दिन दिल के गलत तरीके से काम करने, प्रतिजीवी दवाइयां, श्वसन संबंधित दवाइयां, ट्रॉपकिल एवं फंगल इन्फेक्शन और न्यूरोट्रामा पर व्याख्यान दिया।